बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

<u>56वीं, 57वीं, 58वीं एवं 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रा०) प्रतियोगिता परीक्षा</u>

<u>आवश्यक सूचना</u>

उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आयोग के स्तर से दिनांक– 02.09.14 को विज्ञप्ति प्रकाशित किया गया है। जिसके कंडिका 6 ग (V) में कहा गया है कि ''जो उम्मीदवार बिहार सरकार की सेवा में है तथा सम्पुष्ट हैं, वे उम्र सीमा के अन्दर रहने पर भी बिहार पुलिस सेवा, जिला समादेष्टा (गृह रक्षा वाहिनी संगठन) एवं बिहार कारा सेवा (काराधोक्षक) में नियुक्ति के पात्र नहीं होगें। इस शर्त को विलोपित करने से संबंधित विषय राज्य सरकार के विचाराधीन है। सरकार द्वारा इस बिन्दु पर लिए जाने वाले निर्णय के आधार पर तदनुसार अग्रतर कार्रवाई की जाएगी''।

सरकार द्वारा इस शर्त को विलोपित कर दिया गया है। इस आलोक में पूर्व से बिहार सरकार की सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी भी उपर्युक्त सेवा के लिए सुयोग्य समझे जाएगें।

उक्त आदेश के आलोक में इस परीक्षा हेतु आयोग द्वारा दिनांक– 02.09.14 को प्रकाशित विज्ञापन की कंडिका 6 ग (V) को इस हद तक संशोधित समझा जाए। इसकी प्रति बिहार लोक सेवा आयोग के वेबसाइट http://bpsc.bih.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना